हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

13 गांव जंडवाला बिश्नोईयां नशा मुक्त गांवों की सूची में शामिल



14 जिलेभर के सैंकड़ों आशाओं ने फतेहाबाद में किया रोष प्रदर्शन



## भगवान विष्णु की पूरे विधि विधान से पूजा करने से पापों का होता नाश

# पापमोचिनी एकादशी आज , ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर लें व्रत का संकल्प, चैत्र की कृष्ण पक्ष की एकादशी व्रत से भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की होगी कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को पापमोचिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। यह व्रत करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है। इस वर्ष पापमोचिनी एकादशी का व्रत आज 25 मार्च को है।

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी सोनू शर्मा के अनुसार पापमोचिनी एकादशी चैत्र मास के कृष्ण पक्ष में आती है, जो होलिका दहन और नवरात्र के मध्य में पड़ती है। यह एकादशी व्यक्ति को उसके पिछले जन्मों और इस जन्म के पापों से मुक्त करने वाली मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति भी मिलती है। उन्होंने बताया कि इस एकादशी पर जल और अन्न दान करने का भी महत्व ग्रंथों में बताया है, इसलिए चैत्र महीने की एकादशी पर व्रत और भगवान विष्णु की पूजा के साथ दान करने की परंपरा है। इस दिन जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाने और पानी पिलाने से जाने अनजाने में हुए पाप खत्म हो जाते हैं।

> यह एकादशी व्यक्ति को उसके पिछले जन्मों और इस जन्म के पापों से मुक्त करने वाली मानी जाती है।

> एकादशी पर जल और अन्न दान करने का भी महत्व ग्रंथों में बताया गया



पंडित सोनू शर्मा।

### भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को सुनाई व्रत की कथा

*पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस व्रत के बारे में भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया था। भगवान श्रीकृष्ण ने कथा भी सुनाई थी। पौराणिक कथा के मुताबिक भगवान श्रीकृष्ण युधिष्ठिर से कहते हैं कि राजा मान्धाता ने लोमश ऋषि से जब पूछा कि मनुष्य जो जाने-अनजाने पाप करता है, उससे कैसे मुक्त हो सकता है? ऋषि ने कहानी से समझाते हुए कहा कि चैत्ररथ नाम के वन में च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी ऋषि तपस्या में लीन थे। जब मंजुघोषा अप्सरा की नजर ऋषि पर पड़ी तो वो मोहित हो गई और उन्हें आकर्षित करने की कोशिश करने लगी, जिससे ऋषि की तपस्या भंग हो गई। गुस्सा होकर उन्होंने अप्सरा को पिशाचिनी बनने का श्राप दिया। अप्सरा ने ऋषि से माफी मांगी और श्राप से मुक्ति के लिए प्रार्थना की। ऋषि ने उसे विधि सहित चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी व्रत करने को कहा। इस व्रत से अप्सरा पिशाच योनि से मुक्त हुई। पाप से मुक्त होने के बाद अप्सरा को सुन्दर रूप मिला और वो स्वर्ग चली गई।*

### सुबह 5:06 बजे से लगेगी, 26 को दोपहर 3:45 बजे तक रहेगी एकादशी

*पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि चैत्र माह की कृष्ण पक्ष पक्ष की एकादशी तिथि का शुभारंभ सुबह 25 मार्च को सुबह 5 बजकर 6 मिनट पर होगा। एकादशी तिथि का समापन 26 मार्च दोपहर में 3 बजकर 45 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 25 मार्च को ही पापमोचनी एकादशी का व्रत किया जाएगा। वहीं, व्रत का पारण 26 मार्च को दोपहर में 12 बजे के बाद किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### भूना में दो सगी बहनें लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के भूना क्षेत्र के एक गांव से हिसार जिले के आदमपुर में अपने मामा के घर जाने के लिए निकली दो लड़कियां लापता हो गई। वह न तो अपने मामा के घर पहुंची और न ही वापस गांव आई है। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भूना थाना क्षेत्र के गांव बुवान निवासी व्यक्ति ने बताया है कि उसकी दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी 20 साल और छोटी बेटी 19 साल की है।

### युवती के साथ छेड़छाड़ युवक पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव ढिंगसरा में एक युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढिंगसरा निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की थोड़ी भोलेपन में है। गत दिवस जब वह टेलर से सूट लेने के लिए गई थी तो रास्ते में सुनील उर्फ कालू ने उसका पीछा किया और उसका रास्ता रोक लिया।

### अध्यापक पंकज कुमार को मिला सम्मान

**सिरसा।** पंजाब के मनसा जिला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अध्यापक पंकज कुमार को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन की गाथा को डिजिटल करवाने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंजाब के मनसा जिले के स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारी संस्था द्वारा दिया गया।

## खनौरी व शंभू बॉर्डर पर किसानों पर की दमनात्मक कार्रवाई पर जताया रोष

# किसानों ने पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका, हाईवे पर ही दिया धरना

### सरकार की ऐसी कार्रवाइयों से किसान डरने वाले नहीं, नए सिरे से होगा आंदोलन का आगाज : जरनैल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खनौरी और शंभू बॉर्डर पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों पर पंजाब सरकार द्वारा की गई दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ सोमवार को किसानों ने भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के आह्वान पर फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लघु सचिवालय के बाहर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंकते हुए गिरफ्तार किए नेताओं को तुरंत रिहा करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान मदन बिजारनियां ने किया वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेशाध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला ने भाग लिया। जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन पर प्रतिबंध के चलते किसान हाइवे पर ही धरना देकर बैठ गए। किसानों को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह ने कहा कि शंभू और खनौरी बार्डर पर किसान लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। केन्द्र और पंजाब सरकार के साथ कई दौर की बातचीत भी हो चुकी थी लेकिन सरकार किसानों की मांगों को मानने की बजाय उन्हें आंदोलन खत्म करने का दबाव बना रही थी। पंजाब के सीएम भगवंत मान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ भगवंत मान खुद को किसानों का बेटा कहता है वहीं दूसरी ओर किसानों पर लाठियां बरसाने के आदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और केन्द्र सरकार के मंत्रियों ने बातचीत के बहाने किसान नेताओं को बुलाया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यही नहीं, शंभु व खनौरी बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों की ट्रालियों और टैंटों को जबरन वहां से उखाड़ फैंका गया। उनके सारे सामान को पंजाब पुलिस ने तहस-नहस कर दिया। सरकार की यह कार्रवाई शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को कमजोर करने के लिए सीएम भगवंत मान के आदेश पर पंजाब पुलिस ने यह कार्रवाई की है लेकिन वह साफ करना चाहते हैं कि सरकार की ऐसी कार्रवाईयों से किसान डरने वाले नहीं है। जल्द ही संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग होगी जिसमें नए सिरे से आंदोलन का आगाज किया जाएगा। धरने को किसान यूनियन के उपाध्यक्ष बेगराज फुलां व राजेन्द्र चहल, महासचिव सुरेन्द्र जाखड़, जिला प्रधान मदन बिजारनियां, प्रीतपाल खुंबर, विनोद गिजरोईया, दरिया सिंह पुनिया, राम सिंह हुकमावाली, छैलूराम ढाका व सरपंच बरसीन सहित अनेक किसान नेताओं ने भी संबोधित किया।



फतेहाबाद। हाइवे पर धरना देते किसान। फोटो :हरिभूमि



सिरसा। उपमंडल कार्यालय के सामने अपना प्रदर्शन करते किसान।

### किसान नेताओं की रिहाई की मांग

**कालांवाली।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस की ओर से गुप्त स्थान पर रखे जाने से नाराज उपमंडल कालांवाली के किसानों एकत्रित होकर उपमंडल कार्यालय कालांवाली के सामने रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुंडिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। किसानों गुरनाम सिंह देसूमलकाना, गुरदास सिंह, जरनैल सिंह कालांवाली, इकबाल सिंह तिलोकेवाला, अमरजीत सिंह तख्तमल व अन्यों ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रही है। बॉर्डर से हटाई गई किसानों की ट्रॉलियां आम आदमी पार्टी के विधायकों के घर से मिल रही है। इसकी वीडियोज भी किसानों के पास हैं। ऐसी गुंडागर्दी के खिलाफ किसानों ने रोष प्रदर्शन किया है। किसान हमेशा से शांति से अपनी बात करना चाहते थे। किसानों की मांगें जायज हैं। केंद्र सरकार से पूछा गया था कि मांगें नाजायज लगती है, तो बता दें। उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने बताया कि जिस तरह उग्रवादियों की तरह आंदोलनकारियों पर हमला किया गया है। इससे देशभर के किसानों में रोष है। हमारे मुख्य लीडर अरेस्ट कर लिए गए हैं। जगजीत सिंह डल्लेवाल का कोई पता नहीं है, उन्हें कहां रखा गया है। कई लीडर पटियाला जेल में बंद है। उनकी मांग है कि गिरफ्तार किए गए किसानों की जल्द से जल्द रिहाई की जाए। अन्यथा वे अपना संघर्ष तेज करेंगे।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल के खिलाडियों को बधाई देते एसपी आस्था मोदी, साथ हैं प्राचार्य अरूण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

## डीएवी पुलिस स्कूल के बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने जमाई धाक

### पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी धाक जमाई है। बॉक्सिंग में डीएवी पुलिस स्कूल के दो खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक श्रीमती आस्था मोदी ने इन विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के प्राचार्य अरूण शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र आदित्य के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उसका खेलो इंडिया के लिए चयन किया गया है। आदित्य खेलो इंडिया में बॉक्सिंग के अंडर-19 आयु वर्ग में अपना दमखम दिखाएगा। इसको लेकर अर्पित अपने कोच की देखरेख में तैयारियों में जुटा है। प्राचार्य ने बताया कि इसके अलावा विद्यालय के छात्र अर्पित ने हरियाणा राज्य बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के अंडर-15 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जताया। यह प्रतियोगिता झज्जर में आयोजित हुई थी। इस प्रदर्शन की बदौलत अर्पित का चयन एशियन चैम्पियनशिप में ट्रायल के लिए किया गया है। यह ट्रायल 30 मार्च से 3 अप्रैल तक रोहतक में होंगे। ट्रायल में सेलेक्ट होने के बाद अर्पित जॉर्डन में होने वाली एशियन चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

### 25 करोड़ हेरोइन बरामदगी मामला, पुलिस ने किया तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने करीब 25 करोड रुपये की 4 किलो 256 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी बठिंडा पंजाब के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रशविन्द्र सिंह, हरपाल सिंह व अजायब निवासी बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने बीती 21 मार्च को सिरसा शहर क्षेत्र से कार सवार अभिषेक निवासी सिरसा व प्रदीप निवासी बठिंडा पंजाब को करीब 25 करोड़ रुपए की 4 किलो 256 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया था। मामले में संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर सिरसा में पांव नही पसारने दिए जाएगें और उनकी असली जगह जेल में है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने करोड़ों की हेरोइन मामले में दूसरे युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 4 किलो 5 ग्राम हेरोइन की बरामद
- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था

टोहाना पुलिस द्वारा करोड़ों की हेरोइन सहित पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र भजन सिंह निवासी शादीपुर जिला कैथल के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम ने पीएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह भारी मात्रा में हेरोइन लेकर बेचने के लिए टोहाना आया हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम रेलवे स्टेशन की तरफ जा रही थी तो स्टेशन की तरफ से आ रहे युवक को शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके पास से 4 किलो 5 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।




फतेहाबाद। गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा।

> न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी फसल

## भूना में हैफेड ने खरीदी सरसों, फतेहाबाद और भट्टू में अभी नाममात्र की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा सरसों की खरीद शुरू किए जाने के 10वें दिन सोमवार को जिले की भूना अनाज मण्डी में सरसों खरीद का श्रीगणेश किया गया। हैफेड ने भूना में कुल 250 क्विंटल सरसों की खरीद की है। यह सरसों न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई है। इसके अलावा फतेहाबाद व भट्टूकलां की अनाज मण्डियों में अभी सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है। हरियाणा वेयर हाऊस के डीएम सुमित कुमार ने कहा कि जैसे ही सरसों की आवक शुरू होगी, उसकी एमएसपी पर खरीद शुरू कर दी जाएगी।भूना में सोमवार को 8 फीसदी नमी वाली सरसों की खरीद की गई। हालांकि भूना में आवक काफी थी लेकिन नमी की मात्रा ज्यादा होने के चलते हैफेड ने 250 क्विंटल की सरसों खरीदी। हैफेड के मैनेजर संदीप दहिया ने बताया कि प्रदेश सरकार के नॉम्र्स है कि 8 फीसदी या इससे कम नमी वाली सरसों की ही सरकारी रेट पर खरीद की जानी है। अभी जो सरसों आ रही है उसमें नमी की मात्रा 12 से 15 फीसदी तक है। धूप निकलने के बाद सरसों सूख जाएगी और उसके बाद इसकी खरीद की जाएगी। फतेहाबाद व भट्टूकलां में सोमवार को एक-एक ढेरी सरसों की आवक हुई। फतेहाबाद व भट्टू में हरियाणा वेयर हाऊस की खरीद थी।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में आई सरसों की फसल।

### स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत 51 निराश्रित व बेसहारा बच्चों को 8 लाख 8 हजार रुपये की राशि जारी

**फतेहाबाद।** स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के 51 निराश्रित व बेसहारा बच्चों को 8 लाख 8 हजार रुपये की राशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की। यह राशि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए चार हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता देने के लिए जारी की है। उपायुक्त ने बताया सरकार द्वारा नागरिकों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें से एक स्पॉन्सरशिप स्कीम चलाई जा रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिव कुमार मालवाल ने स्पॉन्सरशिप स्कीम बारे बताया कि विभाग की तरफ से गरीब एकल और अनाथ बच्चों को पढ़ाई हेतू 4 हजार रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम हो व माता विधवा, तलाकशुदा या परिवार द्वारा छोड़ दिया गया हो जहां बच्चे बुआ, फूफा, नाना, नानी, मामा, मामी या शादीशुदा बहन के पास रहते हो। जहां माता-पिता दुर्घटना के कारण या किसी भयानक बीमारी जैसे कैंसर आदि के कारण असहाय बन गए हो व वित्तीय और शारीरिक रूपों से बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ हो गए हो।

### ऑडियो वायरल करने पर भाजपा नेता ग्रोहा ने तीन पार्षदों के खिलाफ थाने में दी शिकायत

**रतिया।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा ने रतिया शहर थाने में शिकायत देकर उनके फोन की ऑडियों वायरल करने व बदनाम करने की साजिश के आरोप में वार्ड नंबर-16 के पार्षद गौरव शर्मा, वार्ड नंबर-11 के पार्षद विजय व वार्ड नंबर-13 की पार्षद नीरू बाला के प्रतिनिधि विक्की के खिलाफ कारवाई की मांग की है। भाजपा नेता बलदेव ग्रोहा का आरोप है कि गौरव शर्मा व विक्की कांग्रेस पार्टी से संबंधित है और उनसे राजनीतिक रंजिश रखते है। शिकायत में आरोप है कि शहर के कुछ असामाजिक तत्व व नगर पालिका प्रधान प्रीती खन्ना व उपप्रधान जोगेंद्र नंदा को हटाना चाहते है। विजय व विक्की पार्षदों को प्रधान के विरुद्ध भडका रहे है। बलदेव ग्रोहा का कहना है कि जोगेन्द्र नंदा ने अपने फोन से गौरव शर्मा से बात करवाई जिससे गौरव शर्मा ने रिकार्ड कर ऑडियों को वायरल कर दिया। बलदेव ग्रोहा का कहना है कि रिकार्डिंग में वह जो 5-6 लोगों का सेट बनाने की बात कर रहे है वह अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध 5-6 लोगों को इकट्ठा करने की मंशा से कर रहे है। गौरव शर्मा को रिकार्डिंग में जो दो पैसे बनाने की बात कही है वह उसे स्ट्रीट लाईट का टेंडर लेने के संबंध में कही है। शिकायत में आरोप है कि वह स्वयं नगरपालिका प्रधान बनना चाहता है। इसी साजिश के तहत उसने कॉल रिकार्ड की ऑडियो वायरल की है।

कार्यक्रम | टोहाना खंड के 48 ग्राम पंचायतों में चलाई जा रही अटल भूजल योजना

## लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एकजुट होकर कार्य करें सभी विभाग : भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भोडिया खेड़ा स्थित सिंचाई विभाग के कैनाल रेस्ट हाउस में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अटल भूजल योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय ट्रेनिंग व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यकारी अभियंता एनके भोला ने की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गिरते हुए भूजल को कैसे रोका जाए और विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट के साथ मिलकर किस प्रकार अटल भूजल योजना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता एनके भोला ने बताया कि अटल भूजल योजना केवल खंड टोहाना की 48 ग्राम पंचायतों के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस योजना के तहत सामूहिक भागीदारी द्वारा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने वाटर सिक्योरिटी प्लान में मांग एवं आपूर्ति पक्ष इंटरवेंशन के बारे में भी बताया। इसके अतिरिक्त यह भी बताया कि अटल भूजल योजना में किस प्रकार से पर्यावरण का ध्यान रखते हुए कार्य होना है जिससे की पर्यावरण को कोई हानि न हो। ट्रेनिंग व समीक्षा बैठक के दौरान अटल भूजल योजना के तहत जिला में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की व अन्य विभागों से उपस्थित अधिकारियों से भूजल प्रबंधन हेतू सुझाव भी लिए गए।



फतेहाबाद। अटल भूजल योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय ट्रेनिंग व समीक्षा बैठक को संबोधित करते कार्यकारी अभियंता एनके भोला।

# हरिभूमि सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष



चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

## मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ

डॉ. मोनिका शर्मा

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

### प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।

### सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।

असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।





### ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

### बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

### अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है।

## देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य

अनीता जैन, वास्तुविद



देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

**कलश:** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसन:** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षत:** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दी:** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपक:** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियल:** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूप:** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोग:** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है।

---

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

## व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

डाइट सजेशन

अंशु चौहान, डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



### इन्हें करें डाइट में शामिल

व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।



**प्रोटीन-फाइबर्स:** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

**सुबह-दोपहर में क्या लें:** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।



**डिनर में क्या लें:** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं।

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

---

## मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंग:** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेड:** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशन:** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूज:** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।


**आईशैडो:** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिक:** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

---

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?



## एकल नारी भी है सम्मान की हकदार

बदले दृष्टिकोण

एकता शर्मा

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।



**हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझते:** एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

**जीने का समान अधिकार:** एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?

**मिले निजता को सम्मान:** हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा।

## खबर संक्षेप

### सरदाना बने जिला पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेता संघ के प्रधान

**सिरसा।** जिला पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेता संघ की बैठक श्री बिश्नोई सभा में हुई जिसमें सर्वसम्मति से राजेश सरदाना को प्रधान नियुक्त किया गया जबकि भारतेंदु बंसल तथा मनु स्वामी को उपप्रधान, यशपाल भारद्वाज को महासचिव नियुक्त किया गया। सुकांत मोगा, नवनीत सेठी व सुशील कुमार गुप्ता को सहायक महासचिव, तनुज सिंगला व अशोक गुप्ता को संगठन मंत्री, राजकुमार उर्फ राजू को कोषाध्यक्ष के पद पर सर्व सम्मति से चुना गया। इसके अलावा सतीश जिंदल को संरक्षक, राजेंद्र, संजय मेहता व गोविंद वर्मा को सलाहकार चुना गया। बैठक में जितेंद्र मेहता, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, दीपांशु, गुरमीत सिंह, विवेक सरदाना, ललित शर्मा, मंसाराम स्वामी, पवन वर्मा आदि रहे।

### जीएसटी एमनेस्टी योजना का उठाएं लाभ

**सिरसा।** केंद्र सरकार द्वारा पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने के लिए जीएसटी एमनेस्टी योजना लांच की गई है। इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी लागू किया गया है। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) आलोक पाशी ने बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-2020 के दौरान हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया देनदारी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज एवं जुर्माने में राहत दी जाएगी, जिससे उनकी कुल कर देयता में कमी आएगी। करदाताओं को केवल बकाया कर का भुगतान करना होगा तथा ब्याज और जुर्माने की माफी के लिए उन्हें जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

### टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर किरतान में कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर डॉ. फतेह सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है। टीबी से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। टीबी उपचार से मात्र 6 महीने में बिल्कुल ठीक हो जाती है। इनके लक्षण का देखें तो दो सप्ताह से अधिक खांसी आती हो या फिर बुखार हो खून आता हो या आपको सांस फूलता हो तो चिकित्सक से जरुर चेक कराना होता है।

### मनजीत ने किया 18वीं बार रक्तदान

**बरवाला।** मनजीत चाहर बनभौरी ने एक बार फिर से रक्तदान करके समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। यह उनका 18वीं बार रक्तदान है, जो उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मनजीत चाहर बनभौरी ने राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में आयोजित रक्तदान शिविर में 18 वीं बार रक्तदान करके एक सराहनीय कार्य किया है।

## एसपी ने सरपंच को दिया नशा मुक्त गांव का प्रमाण पत्र

# गांव जंडवाला बिश्नोइयां नशा मुक्त गांवों की सूची में शामिल

- 63 गांव व 16 वार्ड नशा मुक्त घोषित किया घोषितं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



**सिरसा।** गांव की सरपंच को नशा मुक्त गांव का प्रमाण पत्र देते एसपी सिद्धांत जैन।

गांव जंडवाला बिश्नोइयां नशा मुक्त गांवों की सूची में शामिल हो गया है। सोमवार को गांव में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने गांव में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में पहुंच कर सरपंच को नशा मुक्त गांव का प्रमाण पत्र दिया। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि इसके साथ ही डबवाली पुलिस जिला के 63 गांव व 16 वार्ड नशा मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्त गांव बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की मदद करने के लिए जंडवाला बिश्नोईयां की सरपंच अनुजा बिश्नोई व गांव ग्रामीणों का धन्यवाद किया।

एसपी ने कहा कि अब वे दिन दूर नहीं जब डबवाली का हर एक व्यक्ति एक स्वर में बोलेगा कि हमारा डबवाली अब नशा मुक्त हो गया है। जिसके लिए पुलिस की भिन्न टीमें नशा तस्करी पर प्रहार करने व आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करने का काम पूरी मेहनत व लगन से कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा तस्करों को पकडने के साथ-साथ नशा करने वाले लोगों को चिह्नित करके उनका नशा छुड़ाने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने समारोह में उपस्थित गांवों के सरपंचों व ग्रामीणों से आह्वान किया कि एक जुट होकर डबवाली के माथे से नशे का कलंक मिटाने में पुलिस का सहयोग करें और युवाओं को नशे को त्याग कर खेलों की ओर आने को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ कोई भी अभियान तब तक सफल नहीं होगा जब तक समाज का हर वर्ग एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ न खड़ा हो। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि नशा तस्करों का सामाजिक बहिष्कार किया जाए।

### विश्व टीबी दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों को किया जागरुक

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जिला कार्यालय में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को जागरुक किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने कहा कि नियमित उपचार लेने पर टीबी की बीमारी ठीक हो सकती है और इसका इलाज सामान्य अस्पताल सभी पीएचसी, सीएचसी में निःशुल्क किया जाता है। इसके अलावा टीबी से ग्रस्ति व्यक्ति को सरकार द्वारा एक हजार रुपए प्रति माह पोषण भत्ता प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में जिला को टीबी मुक्त करने के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा इससे संबंधित एक प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है।

*यातायात नियमों की जागरुकता के लिए चलाया अभियान*

## लाल बत्ती चौक पर नागरिकों को वितरित किए गए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** लाल बत्ती चौक पर नागरिकों को हेलमेट वितरित करते संबंधित विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

यातायात पुलिस व क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों की जागरूकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आरटीए संजय बिश्नोई के दिशा-निर्देशों पर सोमवार को लाल बत्ती चौक पर नागरिकों को 50 हेलमेट वितरित किए गए। अभियान के दौरान यातायात पुलिस विभाग से एसएचओ जय सिंह, टीएसआई शिल्पा रानी व दिलकुमारी द्वारा नागरिकों को सडक़ सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आरटीए संजय बिश्नोई ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है इसलिए वे सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिक वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करे, ऐसा करना दुर्घटना का करण बन सकता है। शराब या नशीले पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाना घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण से ममता रानी, अवनी, सोनू, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने कपास अनुसंधान केंद्र का किया भ्रमण

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के बीएससी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह व वनस्पति विभागाध्यक्ष प्रो. जनक राज के मार्गदर्शन में स्थानीय केंद्रीय कपास अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंदर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने हरबेरियम तैयार करने हेतु जरूरी पौधों का संरक्षण करने, वर्मीकंपोस्ट यूनिट की संरचना व इसकी कार्यप्रणाली आदि के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्रो. जनक राज ने विद्यार्थियों को हरबेरियम तैयार करने की प्रक्रिया व पौधों की पहचान करने की विधियों से अवगत करवाया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बायो कंट्रोल लैब का अवलोकन भी किया।

*राजकीय महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर का चौथा दिन*

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऊर्जा से कार्य करें युवा : टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** एनएसएस की छात्राएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन समाजसेवी रणजीत सिंह टक्कर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का मतलब है, हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक और अजैविक तत्वों का समूह। यह मानव जीवन का आधार है। पर्यावरण में हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, वन्य जीवन और अन्य जीवित प्राणी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को तीन भागों में बांटा गया है जिसमें भौतिक पर्यावरण, जैविक पर्यावरण और सामाजिक पर्यावरण। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कई गतिविधियां की जा सकती हैं जिसमें पौधारोपण व पेड़ों कटाई को सीमित करना। हानिकारक गतिविधियों या प्रदूषण को कम करना, सामुदायिक उद्यान बनाना, क्षरित क्षेत्रों को बहाल करना, अधिक टिकाऊ उत्पाद खरीदना, घर के कचरे को सही तरीके से अलग करना, जैविक पदार्थों का उपयोग करना, जल का उचित उपयोग करना, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना, पर्यावरण संरक्षण के लिए कानून भी बनाए गए हैं। छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली निकाली गई जिसे डॉ. विक्रमजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

*सेशन जज दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में रेफरल मेडिएशन केसों को लेकर बैठक आयोजित*

## मध्यस्थता एक शांतिपूर्ण विवाद समाधान प्रक्रिया : सेशन जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मध्यस्थता प्रक्रिया पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते सेशन जज दीपक अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

जिला एडीआर सेंटर के मीटिंग हॉल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में रेफरल मेडिएशन केसों को लेकर मध्यस्थों के साथ मध्यस्थता प्रक्रिया पर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता एक शांतिपूर्ण विवाद समाधान प्रक्रिया है जो दोनों पक्षों की सहमति पर आधारित होती है कि वह अपने विवादों को समाधान के लिए मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करें। मध्यस्थ विवादों एवं लंबित मुकदमों को सुलझाने का एक कुशल और लागत प्रभावी विकल्प है मुकदमे से गुजरने के बजाय दोनों पक्ष समझौता कर सकते हैं और ऐसा समाधान कर सकते हैं जो अदालती मामले की तुलना में बहुत कम तनावपूर्ण है।

बैठक में मध्यस्थता के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही मध्यस्थता के लिए रेफरल मामलों के प्रक्रियात्मक पहलुओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें न्याय प्रणाली में मध्यस्थ की प्रासंगिकता, मध्यस्थता के चरण और लाभ, पक्षो को प्रेरित करना और तैयार करने को लेकर महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित मध्यस्थों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सीजेएम गायत्री, सुरेंद्र कुमार साई, दिनेश गेरा, बलकार सिंह संधू, प्रवेश मेहता, उर्मिला, राकेश गर्ग, प्रेम परमजीत कौर, संदीप टाटिया आदि मौजूद रहे।

*पुलिस कर्मियों को किया जागरूक*

## प्राथमिक उपचार से घायल की जान बचाना सबसे अहम : गुरमीत सैनी

### पुतले की सहायता से घायलों के उपचार के बारे दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सहायक सचिव पुलिस कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार बारे जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सहायक सचिव गुरमीत सैनी ने कहा कि किसी भी सडक़ हादसे में घायल व्यक्ति की जान बचाना बेहद आवश्यक है और इस दिशा में पुलिस बल के जवानों की अहम भूमिका है क्योंकि वे अनुशासनिक बल हैं और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियां भी कहीं अधिक हैं। वे सोमवार को जिला यातायात पुलिस थाने में जिला यातायात पुलिस व डायल-112 के जवानों को सडक़ हादसों में घायल होने वाले की जान बचाने के उद्देश्य से दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने के दौरान बोल रहे थे। जिला यातायात पुलिस प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह की देखरेख में आयोजित किए गए इस प्राथमिक उपचार के प्रशिक्षण के दौरान सहायक सचिव गुरमीत सैनी ने पुलिस कर्मियों को एक पुतले की सहायता से सडक़ पर घायल होने वाले व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार में सीपीआर, खून निकलने से रोकने के लिए मरहम पट्टी करना व अविलंब समीपस्थ सरकारी अथवा निजी अस्पताल में ले जाकर उपचाराधीन करवाने तक का गहन प्रशिक्षण दिया। जिला यातायात पुलिस प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने भी पुलिस बल के जवानों को इस दिशा में प्रेरित करते हुए कहा कि कहीं से भी दुर्घटना में घायल के सिलसिले में जानकारी हासिल होने पर तुरंत घटनास्थल पर जाकर घायल को प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचाने की कोशिश प्राथमिकता के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जवानों को कोई सडक़ हादसे में घायल मिलता है तो उस समय किसी एंबूलेंस की इंतजार किए बगैर डायल-112 की गाड़ी में ही समीपस्थ किसी भी उपचार केंद्र पर ले जाएं ताकि मानवीय जान जाने से बच सके। उन्होंने इस दिशा में कोई भी लापरवाही व कोताही न बरतने के लिए भी जवानों को निर्देशित किया। अंत में उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव गुरमीत सैनी का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने के लिए आभार जताया।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने सब्जी मंडी सिरसा क्षेत्र से आरोपी युवक को चोरीशुदा बाइकसहित काबू किया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जयबीर पुत्र धर्मपाल निवासी कालुआना जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि राजेश कुमार पुत्र रामनारायण निवासी नजदीक भाखड़ा काटन मिल रानियां रोड सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 19 मार्च को सब्जी मंडी रानियां रोड सिरसा में बाइक लेकर किसी काम के सिलसिले से दुकान पर आया हुआ था। जब बाइक को दुकान के पीछे खड़ी करके दुकान में चला गया था और जब वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया था। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में बाइक चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी।

*सूचियों के अवलोकन 18 तक प्राप्त किए जा सकेंगे*

## पंच, सरपंच व पंचायत समिति के उप चुनाव मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

- 25 से 5 तक ग्राम पंचायतों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों को तैयार किया जाएगा
- 13 मई तक ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज नियम 1994 के प्रावधानों अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार जिला के सात खंडों में रिक्त पंचों, सरपंचों तथा पंचायत समिति भट्टू कलां के वार्ड नंबर 17 के उप चुनाव करवाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि जिला में सात खंडों में रिक्त 43 पंचों जिसमें जाखल में 2, नागपुर व रतिया में 6-6, खंड भट्टू कलां व भूना में 5-5, फतेहाबाद में 7 तथा खंड टोहाना में 12 पद शामिल है। इसके अलावा रिक्त 5 सरपंच पद जिसमें ग्राम पंचायत सुलीखेड़ा, काताखेड़ी, अहलीसदर, खाई व तामसपुरा शामिल है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण करते हुए कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत हरियाणा विधानसभा की मतदाता सूचियों का जो अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर, 2024 को किया गया है के आधार पर 25 मार्च से 5 अप्रैल तक संबंधित ग्राम पंचायतों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों को तैयार किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रकाशन 11 अप्रैल को, ग्राम पंचायतों की तैयारशुद्धा ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के अवलोकन उपरांत क्लेम तथा एतराज 18 अप्रैल तक प्राप्त किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल तक प्राप्त हुए क्लेम तथा एतराज का संबंधित जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा निपटान किया जाएगा। 25 अप्रैल तक क्लेम तथा एतराज का निपटान करने उपरांत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 6 मई तक प्राप्त होने वाली अपीलों का सक्षम अथॉरिटी द्वारा निपटान किया जाएगा। इसके पश्चात 13 मई तक ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

*शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण*

## शहीदों के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत : बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** गांव अलीमोहम्मद में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

मेरा गांव-मेरा तीर्थ सेवा समिति एवं केशवपुर,अलीमोहम्मद के ग्रामीणों की ओर से गांव में शहीदी दिवस के मौके पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. वेद बैनीवाल ने कहा कि आज हम सबको शहीदों के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत है। शहीदों का सपना था कि आजाद भारत में समाजवाद हो और कोई भी आदमी भूखा न मरे। उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक समाज की धरोहर नहीं होते। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सरीखे युवाओं ने छोटी सी उम्र में ही अपने जीवन को देश की आजादी के लिए न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भावी पीढ़ी को इन बलिदानियों के जीवन के बारे में बोध करवाना जरूरी है, ताकि वे उनसे प्रेरणा लेकर अपने समाज व राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को समझ सके। भावी पीढ़ी नशे जैसी सामाजिक बुराई के चंगुल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रही है, जोकि समाज व देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि युवा अपना ध्यान नशे की तरफ न ले जाकर देश सेवा की ओर अधिक लगाएं। इस मौके पर कृष्ण खोथ, सरपंच गुगन राम लूणा, गऊशाला प्रधान श्रवण सिहाग, इंद्र यालिया, इंद्राज, मेनपाल चलका, धर्मपाल, सीताराम आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा में भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

## गौ बचेगी तभी देश प्रगति कर सकेगा : साध्वी वैष्णवी भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा में सोमवार को आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी वैष्णवी भारती भगवान की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने गौ सेवा, गौर पूजन का महत्व बताया। आज कथा में विशेष तौर से पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा, ब्लाक समिति अध्यक्ष केवल मेहता, उधम सिंह, बलबीर सिंह, सुख चरणदास तथा नगरपालिका चेयरमैन प्रीति खन्ना व महेश खन्ना ने भाग लिया।

साध्वी वैष्णवी भारती ने कहा कि पुराणों में कहा गया है कि गाय की सेवा से तैंतीस कोटी देवी- देवताओं को प्रसन्न कर सकते हैं। गौ माता के पंचगव्य की बात करें तो उसमें गोमूत्र वैदिक काल से हमारे लिए लाभप्रद माना गया है। 400 से अधिक रोगों का उपचार इसी से संभव है। प्राचीन भारत में किसान बीज भूमि में रोपित करने से पूर्व धरती पर गौर मूत्र छिडक़ कर उसे स्वच्छ बनाते थे। गाय के दुग्ध को सात्विक, मेधाशक्ति बढ़ाने वाला, अनेक रोगों को समाप्त करने वाला कहा गया है। उन्होंने आशुतोष महाराज द्वारा चलाए जा रहे कामधेनु प्रकल्प के विषय में बताया। इसके अंतर्गत दिव्य ज्योति जग्रति संस्थान भारतीय देसी नस्ल की गौ प्रजातियों के संवर्धन हेतु संकल्पित है। गौ के नस्ल सुधार पर कार्य किया जा रहा है। जो दुर्लभ प्रजातियां हो रही हैं, उनको संरक्षित किया जा रहा है। क्योंकि गौ बचेगी तो देश प्रगति कर सकेगा।

साध्वी वैष्णी भारती ने गोवर्धन लीला के रहस्य को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कर्म ही मनुष्य के सुख-दुख, भय, क्षेम का कारण है। अपने कर्मानुसार मानव जन्म लेता है और मृत्यु को प्राप्त होता है। कर्म ही ईश्वर है। उन्होंने कहा कि यूं तो संसार में भगवान के अनेक नाम प्रचलित है, परंतु मोक्ष का मार्ग भीतरी नाम ही प्रशस्त करता है। कथा का समापन आरती के साथ हुआ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ऋषिकेश गर्ग, वीरेंद्र गुप्ता, सुदर्शन बत्रा, डॉ. पृथ्वी सिंह बाना, डॉ. चरणजीत मलिक, श्याम तनेजा, विद्यासागर बागला, दिनेश तनेजा, संदीप ग्रोवर, संजय चुघ, संजय मक्कड़, सतीश चोपड़ा, रोहित चुग, गगन मंगला, ओम प्रकाश हांडा, राजन कक्कड़, अरविंद सिहाग सरपंच गांव रत्ताखेड़ा, दिनेश भारती सरपंच भरपूर, राम सिंह सिहाग, रोहतास के अलावा श्री राम आश्रम टिब्बा कॉलोनी महिला मंडल, अमरनाथ सेवा समिति महिला मंडल उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मकान से नकदी व आभूषण चोरी, केस

**सिरसा।** शहर के प्रीत नगर क्षेत्र में एक मकान से चोर 40 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में एफ ब्लॉक निवासी अमित मेहता ने बताया कि उसकी नानी कृष्णा देवी प्रीत नगर गली नंबर 9 में किराए के मकान में रहती है। उसकी नानी ने अर्जुन पुत्र नत्थुराम निवासी गली नंबर 9 प्रीतनगर सिरसा तथा उसकी पत्नी सोमा को बाहर वाला कमरा किराए पर दिया हुआ है। घर की साफ -सफाई तथा रख रखाव अर्जुन व उसकी पत्नी सोमा ही करते हैं।

### बाइक चोरी के मामले में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने लाजपत नगर से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सिरसा के एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सतपाल के रूप में हुई है।

### थेड़ी से ट्यूबवेल के तार चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव थेड़ी में खेत में लगे ट्यूब्वैल से हजारों रुपये की तार चोरी कर ली। इस बारे पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव थेड़ी निवासी अशोक कुमार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। चोर 200 फुट तार चोरी कर ले गए है।

### फतेहाबाद के खिलाड़ी ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के युवा कुश्ती खिलाड़ी राहुल ने इंटरनेशनल बेल्ट रेसलिंग कप चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। यह चैंपियनशिप रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में हुई। राहुल ने 100 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने प्रथम, रूस के खिलाड़ी ने दूसरा और राहुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। राहुल जिला खेल स्टेडियम में कोच अनिल कुमार के निर्देशन में ट्रेनिंग कर रहा है।

### मंदिर में गई भाजपा नेता की पत्नी की चेन चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना भाजपा शहरी मंडल प्रधान संकेत गर्ग की पत्नी अंजू की दो तोले की सोने की चेन चोरी हो गई। पत्नी अंजू मंदिर में पूजा करने गई थी। पत्नी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शहरी मंडल प्रधान पत्नी जींद जिले के गांव कालवन स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा करने गई थी।

### कोमल बेस्ट वॉलंटियर व पायल रहीं बेस्ट कैम्पर

**रतिया।** शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। द्वितीय इकाई प्रभारी डॉ. सीमा ने बताया कि प्रथम इकाई की बेस्ट वालंटियर कोमल बीकॉम प्रथम वर्ष और द्वितीय की शाह रोशनी बीए द्वितीय वर्ष रही। बेस्ट कैम्पर प्रथम इकाई पायल बीए प्रथम वर्ष रहीं।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा मांग पत्र

# जिलेभर की सैकड़ों आशाओं ने फतेहाबाद में किया रोष प्रदर्शन

### 45वें व 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय में मांगों को लेकर धरना देती आशा वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

जिलेभर की सैंकड़ों आशा वर्कर्स द्वारा सोमवार को अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर सैंकड़ों वर्कर्स लघु सचिवालय के पार्क में एकत्रित हुई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान शीला शक्करपुरा ने की व संचालन जिला सचिव सुमन दैयड़ द्वारा किया गया। प्रदर्शन के बाद आशा वर्कर्स ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम नायब तहसीलदार आशीष कुमार को मांग पत्र भी सौंपा। आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व आशा वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान शीला शक्करपुरा ने कहा कहा कि आशा वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है, जिससे वर्कर्स में काफी रोष है। उन्होंने मांग की कि 45वें व 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करते हुए आशाओं को वर्कर का दर्जा दिया जाए और पूरे देश में एक समान कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित की जाएं। 6 माह का सवेतन मातृत्व अवकाश, 20 दिन का आकस्मिक अवकाश और चिकित्सका अवकाश दिया जाए। वरिष्ठता के आधार पर अन्य पदों पर पदोन्नति की जाए। सभी पीएससी, सीएचसी और अस्पतालों में आशा विश्राम कक्ष बनाए जाए।

#### यात्रा व्यय का भुगतान करने की मांग

इसके अलावा यूनियन ने आशाओं कार्यकर्ताओं को स्कूटी देने व ड्यूटी के लिए यात्रा व्यय का भुगतान करने, डिजिटलीकरण के लिए अच्छी क्वालिटी के टैबलेट, डाटा पैक, नेटवर्क और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने, ऑनलाइन काम के लिए इंसेटिव देने, स्वास्थ्य ढांचे और अस्पतालों सहित सभी बुनियादी सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाकर सरकारी स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने, आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाने, चार श्रम संहिताओं को रद्द कर आशाओं को श्रम कानूनों के दायरे में शामिल करने की मांग की है। धरने को सीटू जिला कैशियर बेगराज, राजबाला एमपी रोही, सुमन धारनियां, सविता भूना, सरीना पीली मंदोरी, अनीता इंदाछुई, कमल रतिया, सुमित्रा, अनीता बड़ोपल, दर्शना जांडली कलां, राजबाला दहमन, उषा जांडवाला, मंजू पारता,

# धर्मशाला का होगा नवीनीकरण

- 27 को एसपी करेंगी सभा की दूरभाष निर्देशिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** महाराज अग्रसैन चौक। *फोटो: हरिभूमि*

अग्रवाल सभा फतेहाबाद की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में सभा के अध्यक्ष सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में हुई। सभा के सचिव सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि एक माह में अग्रवाल धर्मशाला में शुरू होने वाले विकास कार्यों व महाराजा अग्रसेन की मूर्ति लगे हुए चौक का नवीनीकरण व अन्य विकास कार्य करवाने बारे सभा के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार मंगल की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यों की निर्माण समिति का गठन किया गया। इन विकास कार्यों में सभा द्वारा करीब 60 लाख खर्च किए जाएंगें। इन विकास कार्यों के लिए सर्वप्रथम सभा के प्रधान सुभाष गर्ग ने 21 लाख रुपए, सभा के संरक्षक देवी दयाल तायल ने 11 लाख व सचिव सुरेन्द्र मित्तल ने भी 11 लाख तथा पवन गर्ग, विजय लक्ष्मी वाले ने 1 लाख रुपए के सहयोग की घोषणा की। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी भविष्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में सभा के सभी सदस्यों को 27 मार्च वीरवार को प्रातः 10 बजे महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के वार्षिक परिणाम घोषित होगा।

# दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला प्रशासन व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा आगामी 26 व 27 मार्च को चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी के मल्टीपर्पज हॉल में चयनित 695 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडिप योजना के अंतर्गत अलीम्को कानपुर, क्षेत्रीय उत्पादन केंद्र, चनालोन, मोहाली के सहयोग से पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिन दिव्यांग व्यक्तियों के जुलाई 2024 में कृत्रिम अंगों के माप लिए गए थे तथा सहायक उपकरण प्राप्त करने वालों की पहचान की गई थी, उन दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी वाली साइकिल, कृत्रिम अंग, तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर तथा श्रवण यंत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 26 मार्च को सिरसा व डबवाली खंड के दिव्यांगों को तथा आगामी 27 मार्च को ऐलनाबाद, रानियां, ओढ़ां, नाथूसरी चौपटा व बड़ागुढ़ा खंड के दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने लाभपात्र दिव्यांगजनों से अपील की कि वे कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए अपना आधार कार्ड व शिविर में जारी की गई रसीद लेकर सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 695 दिव्यांग व्यक्तियों को कुल 1,74,55,907 रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जैसे 225 बैटरी वाली तिपहिया साइकिल, 122 व्हील चेयर, 306 श्रवण यंत्र, 145 तिपहिया साइकिल, 24 वॉकिंग स्टिक, 96 बैसाखियाँ, 4 रोलेटर, 4 सीपी चेयर, 52 कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिव्यांग व्यक्तियों की सहायतार्थ 26 मार्च को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सिरसा व डबवाली के दिव्यांगों व्यक्तियों को जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तथा 27 मार्च को भी कार्यक्रम होगा।

# शहर का विकास करेंगे : स्वरूप

- चेयरमैन वीर शांति स्वरुप शपथ से पूर्व पहुंचे श्याम बगीची

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा




**सिरसा।** चेयरमैन वीरशांति स्वरुप को बाबा श्याम का स्वरुप भेंट कर सम्मानित करते श्याम बगीची के सेवादार। *फोटो: हरिभूमि*

नगरपरिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन वीर शांति स्वरुप रविवार शाम को अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में पहुंचकर पूजा अर्चना की और बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि चेयरमैन वीर शांति स्वरुप परिवार सहित बगीची धाम में पहुंचे। चेयरमैन का बगीची में पहुंचने पर बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि वे चुनाव से पूर्व बाबा श्याम के समक्ष अपनी अर्जी लगाकर गए थे। अब बाबा श्याम ने उन्हें सिरसावासियों की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। वह पूरी शहर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। शहरवासियों की जो भी समस्या होगी उसे मैं श्पथ लेने के बाद अपनी ओर से तुरंत दूर करने का पूरा प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि मुझे यह जीत हारे के सहारे बाबा श्याम के आशीर्वाद से ही मिली है। इस अवसर पर पवन गर्ग, कृष्ण लाल गर्ग, राजेंद्र गनेरीवाला, अशोक खट्टर, महेंद्र गोयल, चिरंजी लाल सिंगला व अन्य मौजूद रहे।

# समाज निर्माण लेखक का परम दायित्व: विर्क

- शहीदी दिवस पर हुआ पुस्तक लोकार्पण एवं समीक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



**सिरसा।** शहादत को समर्पित पुस्तक लोकापर्ण करते हुए अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

सांप्रदायिक सद्भाव से परिपूर्ण संवेदनशील समाज का निर्माण लेखन का परम दायित्व है। यह विचार प्रतिबद्ध प्रगतिवादी चिंतक का. स्वर्ण सिंह विर्क ने प्रगतिशील लेखक संघ, सिरसा द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, युगकवि पाश व हंसराज की शहादत को समर्पित पुस्तक लोकापर्ण एवं समीक्षा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर व्यक्त किए। हरभगवान चावला के उपन्यास देख फरीदा जो थीआ की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए का. विर्क ने कहा कि यह उपन्यास विभाजन की त्रासदी का दस्तावेज है। इस उपन्यास के माध्यम से न सिर्फ तत्कालीन संकटों को समझने की दृष्टि मिलती है बल्कि वर्तमान समय में उपस्थित चुनौतियों से मुक्ति का रास्ता भी दिखाई देता है। विभाजन-विस्थापन से प्रताड़ित हर समाज के दुख समान हैं। इस उपन्यास में मुल्तान क्षेत्र से विस्थापित बड़े वर्ग के जीवन संघर्ष द्वारा मानव की जिजीविषा को दर्शाया गया है। इस उपन्यास पर आयोजित विमर्श में डॉ. मेघा शर्मा, एडवोकेट सुरेश मेहता तथा केयूके स्कॉलर नरेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रलेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडल के सदस्य का. स्वर्ण सिंह विर्क, राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा व अन्य मौजूद रहे।

#### ये रहे मौजूद

संचालन प्रलेस सिरसा के सचिव डॉ. शेरचंद ने किया। कुलदीप सिरसा, महक भारती ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए। सुरेश बरनवाल के कहानी संग्रह अंधेरे समय के दस्तावेज के लोकापर्ण पश्चात समीक्षा प्रस्तुत करते हुए मकबूल शायर लाज पुष्प ने कहा कि सुरेश बरनवाल की कहानियां गंभीर विमर्श पैदा करती हैं। कहानी संग्रह पर वरिष्ठ कवि-कथाकार हरभगवान चावला ने कहा कि अंधेरे समय के दस्तावेज की तमाम कहानियां वैश्विक कहानी के समकक्ष हैं। इस अवसर पर डॉ. निर्मल सिंह ने भी शहीदी दिवस एवं साहित्य सृजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, युगकवि पाश एवं हंसराज का स्मरण किया गया।

# संवेदना-2 अभियान के तहत लगे शिविर

- शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया, सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा




**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते लोग। *फोटो: हरिभूमि*

संवेदना-2 अभियान के तहत चलाई जा रही राष्ट्रव्यापी अभियान में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर ब्लू लाइन इंडस्ट्री में शगुन होम एंपलाइज तथा मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी एवं उद्योगपति अजय आहूजा ने शहीद राजगुरु, सुखदेव सिंह और भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढक़र कोई बड़ा दान नहीं हो सकता निस्वार्थ भाव से की गई सेवा हमेशा आनंद प्रदान करती है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट तथा वेज लगाकर सम्मानित किया तथा निफा के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित रक्तदान शिविरों की सराहना की तथा टीम से जुड़े हुए सभी लोगों को अग्रदूत कहकर संबोधित किया।

#### निफा महासचिव दलबीर सिंह ने जताया आभार

इस अवसर पर निफा महासचिव हरियाणा दलबीर सिंह, अनिल ढिढारिया ने सभी संस्थाओं एवं आयोजनकर्ताओं का धन्यवाद किया। शहीदी दिवस पर गांव गंगा में 75 यूनिट, जोतावाली में65, प्राथमिक अध्यापक संघ हुडा से 75, गोरीवाला लाइब्रेरी से124, मिठनपुरा क्लब 117 से, किशनपुरा ममें स्वर्गीय प्रताप सोलंकी की याद में 126 यूनिट रक्त थैलेसीमिया और कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए उपलब्ध करवाया गया। इस अवसर पर रणजीत सिंह टक्कर, शुभम भाट, विशाल आहूजा, राजेश स्वामी, विकास सेतिया, भारत भूषण, नितिन, गुरमीत सिंह, राजेंद्र कुमार खारियां साहित अनेक रक्तदाता व अन्य मौजूद थे।

# प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

- सीएम ने मेगा सब्जी एक्सपो में चार किसानों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मेगा सब्जी एक्सपो कार्यक्रम में जिला के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो: हरिभूमि*

बागवानी विभाग, हरियाणा द्वारा 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय मेगा सब्जी एक्सपो, घरौंडा (करनाल) में आयोजित किया गया, जिसमें सब्जी एवं मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए जिला के चार प्रगतिशील किसानों को राज्य स्तरीय सम्मान से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान पुरस्कार में गांव एमपी रोही के महाबीर सिंह पुत्र राम कुमार को सब्जी उत्पादन में आलू उत्पादन व आलू सीड उत्पादन के क्षेत्र में बिसला निवासी रिछपाल पुत्र जस्सा राम को प्रथम पुरस्कार, भरपुर निवासी नरेन्द्र बजाज पुत्र ज्ञान चन्द तथा मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में गांव कलोठा निवासी प्रिंस पुत्र सोहन लाल को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके जिला से उद्यान विकास अधिकारी डॉ. रीतिका को भी सम्मानित किया गया।

# केबी गोदारा चुने गए भाविप अध्यक्ष

- सुरेंद्र शर्मा शाखा सचिव एवं उमेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद इकाई फतेहाबाद के चुने गए पदाधिकारी।

भारत विकास परिषद की चुनावी बैठक माजरा रोड स्थित बागबां में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से केबी गोदारा को परिषद की फतेहाबाद शाखा का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सुरेंद्र शर्मा को शाखा सचिव एवं उमेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में भाविप के हरियाणा पश्चिम प्रांत से प्रांतीय संयोजक (गौ-सेवा) महेंद्र कुमार दहमनिया, पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता विशेष रूप से पहुंचे। इससे पहले शाखा के मौजूदा अध्यक्ष अंकित शर्मा ने बैठक में पहुंचे सभी सदस्यों का स्वागत किया और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-2 के क्षेत्रीय सचिव (संस्कार) जिया लाल बंसल ने भी सदस्यों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सचिव एडवोकेट योगेश मेहता ने भाविप फतेहाबाद शाखा द्वारा पूरे वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तो वित्त सचिव प्रमोद बंसल ने पूरे साल का लेखा-जोखा भी बैठक में रखा। महिला प्रकल्प प्रमुख लवलीन सरदाना ने इस मौके पर पूरे वर्ष में आयोजित किए गए महिला प्रकल्पों से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी दी जिसकी सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराहना की।

## समाधान शिविर में डीडीपीओ अनूप सिंह ने सुनीं समस्याएं

# कानाखेड़ा में बने बांध को ऊंचा करने की मांग

- समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निपटान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीडीपीओ अनूप सिंह।

लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने जन समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को सौंपते हुए शिकायतों का निपटान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना है इसलिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों की समस्याएं एक ही छत के नीचे निपटान की जा सके।

समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निपटान किया गया तथा शेष शिकायतों के निपटान के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### बुढ़ापा पेंशन बनाने की मांग

सोमवार को समाधान शिविर में टोहाना निवासी ललित कुमार ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, ग्राम पंचायत कानाखेड़ा द्वारा बाढ़ के पानी के बचाव हेतू गांव में बनाया गया बांध को ऊंचा कर पक्का करने, सुरेश कुमार द्वारा गांव में पीने के पानी की सप्लाई न आने बारे, गांव भोड़ा होशनाक पंचायत द्वारा गांव में बनाई गई गऊशाला में कार्य करवाने,गांव किरढान निवासी राहुल द्वारा गांव में बनाई जा रही फिरनी का लेवल ठीक करने बारे, वार्ड नंबर 3 भूना निवासी पूजा रानी द्वारा पानी व सीवर की लाइन न होने बारे, विनेश गोदारा द्वारा किरढान से ढिंगसरा रोड की मरम्मत बारे, भूथन कलां निवासी राकेश द्वारा डिस्टीब्यूटरी के अंदर फॉल बारे तथा हिजरावां खुर्द निवासी सर्वजीत द्वारा विकलांग बच्ची को सुपर्द करने बारे शिकायत रखी जिन्हें संबंधित विभाग को कार्यवाही बारे निर्देश दिए।